# झारखंड

# सामान्य ज्ञान


PDF

The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC



राज्य विशेष
GK QUIZ SET 2

1. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध हुए भूमिज विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

a. लाल हेम्ब्रम

b. रमना आहड़ी

c. सिंदराय मानकी

d. गंगा नारायण सिंह

## गंगा नारायण सिंह

भूमिज विद्रोह सिंहभूम तथा मानभूम क्षेत्र के भूमिज जनजाति के लोगों ने सन 1832 में गंगा नारायण सिंह के नेतृत्व में किया।

कोल और हो जनजाति के लोगों ने इस विद्रोह में गंगा नारायण सिंह का समर्थन किया।

2. निम्नलिखित में से देश की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी कौन हैं जिन्हें ध्यानचंद लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया है?

a. सुमराय टेटे

b. अंसुता लकड़ा

c. निक्की प्रधान

d. सुनीता लकड़ा

## सुमराय टेटे

हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे 2002 कॉमनवेल्थ गेम में विजेता भारतीय हॉकी टीम की हिस्सा थी।

सुमराय टेटे को प्रतिष्ठित सम्मान 'ध्यानचंद अवार्ड 2017' से सम्मानित किया जा चुका है।

सुमराय टेटे देश की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें ध्यानचंद लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

3. निम्नलिखित में से झारखंड की कौन सी खान लौह अयस्क के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध नहीं है?

a. करमपदा

b. किरुबुरु

c. नोआमंडी

d. घाटशिला

## घाटशिला

झारखंड में लौह अयस्क उत्पादन की मुख्य खानें सिंहभूम की करमपदा, किरुबुरु तथा नोआमंडी हैं।

पूर्वी सिंहभूम जिले में स्थित घाटशिला खादान तांबे के उत्पादन के लिए विख्यात है।

हिन्दवंशी

4. झारखंड का प्रसिद्ध टुसू पर्व हिन्दू कैलेंडर के अनुसार किस महीने में मनाया जाता है?

a. चैत्र

b. सावन

c. पौष

d. फाल्गुन

## पौष

झारखंड का प्रसिद्ध टुसू पर्व जाड़ों में फसल कटने के बाद पौष के महीने में मनाया जाता है।

मकर संक्राति के अवसर पर मनाए जाने वाले इस त्यौहार के दिन सुबह नदी में स्नान कर उगते सूरज की अर्ग/प्रार्थना करके टुसू (लक्ष्मी/सरस्वती) की पूजा की जाती है तथा नववर्ष की समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

यह त्यौहार झारखंड के रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, रामगढ़, बोकारो, धनबाद जिलों, तथा पंचपरगना क्षेत्र का प्रमुख पर्व है।

5. निम्नलिखित में से कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. मलूदह जलप्रपात- गढ़वा

b. पेरवाघाघ जलप्रपात- खूंटी

c. बकुलिया जलप्रपात- देवघर

d. मोतीझरा जलप्रपात- साहेबगंज

मलूदह जलप्रपात- गढ़वा

सही मिलान:

मलूदह जलप्रपात- चतरा

पेरवाघाघ जलप्रपात- खूंटी

बकुलिया जलप्रपात- देवघर

मोतीझरा जलप्रपात- साहेबगंज

6. निम्नलिखित में से कौन सा जनजातीय विद्रोह मुख्यतः सामाजिक तथा धार्मिक उत्थान से जुड़ा हुआ था?

a. तमाड़ विद्रोह

b. तिलका आंदोलन

c. खरवार आंदोलन

d. सफाहोड़ आंदोलन

## सफाहोड़ आंदोलन

झारखंड के संथाल क्षेत्र में हुए सफाहोड़ आंदोलन (1870) के जनक लाल हेम्ब्रम उर्फ (लाल बाबा) थे।

यह विद्रोह मुख्यतः सामाजिक धार्मिक उत्थान से जुड़ा हुआ था क्योंकि उनका मानना था कि संथाल विद्रोह की विफलता का कारण संथाल लोगों में धार्मिक भावना की कमी थी।

लाल बाबा ने सफाहोड़ आंदोलनकारियों को राम नाम का मंत्र दिया।

7. नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a. नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है।

b. नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर (डालटनगंज) शहर में स्थित है।

c. इस विश्वविद्यालय की स्थापना सन 2009 में हुई थी।

d. वर्तमान में नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू हैं।

नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है।

सही व्याख्या:

नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर (डालटनगंज) शहर में स्थित है।

राजकीय विश्वविद्यालय नीलांबर-पीताम्बर की स्थापना सन 2009 में हुई थी।

वर्तमान में नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू हैं।

8. निम्नलिखित में से झारखंड की कौन सी खिलाड़ी तीरंदाजी से संबंधित नहीं हैं?

a. अंकिता भकत

b. असुंता लकड़ा

c. मधुमिता कुमारी

d. कोमालिका बारी

## असुंता लकड़ा

अंकिता भकत, मधुमिता कुमारी तथा कोमालिका बारी झारखंड की प्रसिद्ध महिला तीरंदाज हैं जबकि असुंता लकड़ा झारखंड की हॉकी टीम की ओर से खेलती हैं।

9. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा जिला बिहार तथा पश्चिम बंगाल दोनों के साथ सीमा बनाता है?

a. गोड्डा

b. पाकुड़

c. दुमका

d. देवघर

## दुमका

झारखंड के दो जिले साहेबगंज तथा दुमका बिहार एवं पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों की सीमा के साथ जुड़े है।

10. केंद्र सरकार के द्वारा दामोदर घाटी निगम अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?

a. 1948

b. 1952

c. 1965

d. 1975

## 1948

डब्ल्यू एल वुर्डुइन समिति की अनुशंसा पर केंद्र सरकार के द्वारा दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) पारित किया गया।

दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) के फलस्वरूप 'दामोदर घाटी निगम' 7 जुलाई 1948 को स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में अस्तित्व में आया।

11. नीचे दिये गए युग्मों में से कौन सा मिलान गलत है?

a. कैनेरी पहाड़ी- हजारीबाग

b. धरधारिया जलप्रपात- लोहरदग्गा

c. तातेलाई गर्म पानी झरना- गुमला

d. चाचरो मगरमच्छ पालन केंद्र- कोडरमा

तातेलाई गर्म पानी झरना- गुमला

सही मिलान:

कैनेरी पहाड़ी- हजारीबाग

धरधारिया जलप्रपात- लोहरदग्गा

तातेलाई गर्म पानी झरना- दुमका

चाचरो मगरमच्छ पालन केंद्र- कोडरमा

12. सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?

a. राँची

b. धनबाद

c. बोकारो

d. जमशेदपुर

## राँची

सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (Central Coalfields Limited) कोल इण्डिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी है जो भारत के केन्द्रीय प्रभाग की खानों का प्रबन्धन करती है।

इसका मुख्यालय 'दरभंगा भवन' राँची, झारखण्ड में अवस्थित है।

13. पथरी तथा जयन्ती किसकी सहायक नदियाँ हैं?

a. अजय नदी

b. मयूराक्षी नदी

c. दामोदर नदी

d. स्वर्णरेखा नदी

## अजय नदी

अजय नदी का उदगम बिहार राज्य के मुंगेर जिले से होता है जहाँ से प्रवाहित होती हुई यह झारखंड के देवघर ज़िले के उत्तरी-पश्चिमी भाग में प्रवेश करती है।

इसकी दो मुख्य सहायक नदियाँ पथरी तथा जयन्ती हैं।

पथरी नदी हजारीबाग जिले से तथा जयन्ती गिरिडीह ज़िले से निकलती हैं।

14. भारत की प्रथम यूरेनियम खान जादूगोड़ा माइंस झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. राँची

b. दुमका

c. सिमडेगा

d. पूर्वी सिंहभूम

## पूर्वी सिंहभूम

जादूगोड़ा यूरेनियम खान पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा गाँव में स्थित है।

भारत मे प्रथम यूरेनियम खान जादुगोड़ा में सन् 1967 में प्रारम्भ हुई थी।

15. तीरंदाज दीपिका कुमारी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a. दीपिका कुमारी ने 2006 में मेक्सिको में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में कम्पाउंट एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

b. दीपिका कुमारी ने राष्ट्रमण्डल खेल 2010 में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया।

c. उन्हें 2012 के अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

d. 2016 में दीपिका को भारत सरकार के द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2016 में दीपिका को भारत सरकार के द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सही व्याख्या:

दीपिका कुमारी ने 2006 में मेक्सिको में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में कम्पाउंट एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

दीपिका कुमारी ने राष्ट्रमण्डल खेल 2010 में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया।

उन्हें 2012 के अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2016 में दीपिका को भारत सरकार के द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

16. झारखंड के प्रथम राज्यपाल कौन थे?

a. वेद मारवाह

b. सईद अहमद

c. प्रभात कुमार

d. विनोदचंद्र पाण्डे

## प्रभात कुमार

झारखंड के प्रथम राज्यपाल श्री प्रभात कुमार थे जो नवम्बर 2000 से फरवरी 2002 तक झारखंड के राज्यपाल के पद पर विधमान रहे।

17. हो भाषा के लिए 'वारंग क्षिति' नामक लिपि की खोज किस साहित्यकार ने की थी?

a. वंदना टेटे

b. लाको बोदरा

c. रेवरेंड ज़े फिलिप्स

d. जगदीश त्रिगुणायत

# लाको बोदरा

ओत् गुरु कोल लाको बोदरा हो भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे।

उन्होंने 1940 के दशक में हो भाषा के लिए 'वारंग क्षिति' नामक लिपि का खोज किया और उसके प्रचार-प्रसार के लिए 'आदि संस्कृति एवं विज्ञान संस्थान' की स्थापना की।

वारंग क्षिति एक आबूगीदा लिपि है जिसका प्रयोग झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा में बोली जाने वाली हो भाषा को लिखने के लिए किया जाता है।

18. स्वर्णरेखा नदी का उद्गम झारखंड के किस जिले से होता है?

a. राँची

b. गुमला

c. लातेहार

d. सरायकेला खरसावां

## राँची

स्वर्ण रेखा नदी दक्षिणी छोटानागपुर के राँची ज़िले के नगड़ी गाँव से निकलती है।

राँची ज़िले से प्रवाहित होती हुई स्वर्ण रेखा नदी सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम ज़िले में प्रवेश करती है।

झारखंड में बहने के बाद यह पश्चिम बंगाल में प्रवेश करती है और अंततः उड़ीसा में बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

19. निम्नलिखित में से झारखंड की कौन सी जनजाति मुख्य रूप से जंगली वनोत्पाद जैसे शहद, कंदमूल तथा जड़ी बूटियों पर निर्भर है?

a. हो

b. असुर

c. हिल खड़िया

d. चिक बड़ाईक

# हिल खड़िया

हिल खड़िया मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूम की पहाड़ियों पर निवास करते हैं।

यह जनजाति जंगल के उत्पाद जैसे शहद, खाने के योग्य कंदमूल तथा जड़ीबूटियों पर निर्भर है।

हिल खड़िया की पारिवारिक व्यवस्था पितृसत्तात्मक होती है तथा पुत्र को पिता की ओर से सम्पति का अधिकार मिलता है।

20. टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड का मुख्यालय निम्न में से किस शहर में स्थित है?

a. राँची

b. मुम्बई

c. कोलकाता

d. जमशेदपुर

मुम्बई

भारत की प्रमुख इस्पात कंपनी 'टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड' अर्थात टिस्को की स्थापना 1907 में की गयी थी।

टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

टिस्को कंपनी का मुख्य प्लांट जमशेदपुर, झारखंड में स्थित है।

21. झारखंड में अंग्रेजों के खिलाफ हुए चेरो विद्रोह (1800-1802) का मुख्य केंद्र कौन सा जिला था?

a. गोड्डा

b. पलामू

c. हजारीबाग

d. पूर्वी सिंहभूम

पलामू

चेरो विद्रोह पलामू के जंगलों में रहनेवाले चेरो जनजाति के लोगों ने किया था।

इस विद्रोह का नेतृत्व भूखन सिंह ने किया था।

कर्नल जोन्स ने इस विद्रोह का दमन किया।

22. पुनासी जलाशय परियोजना का निर्माण किस नदी पर किया गया है?

a. कारो

b. अजय

c. खरकाई

d. दामोदर

## अजय

पुनासी जलाशय देवघर जिले के ग्राम पुनासी में अजय नदी पर बनाया गया है।

इस जलाशय परियोजना से आधा संथाल परगना के खेतों की सिंचाई की जा सकेगी।

23. मुंडारी गीतों के संकलन 'मुंडा दुरंग' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

a. सिलास हेम्ब्रम

b. आर आर के रपाज

c. डब्ल्यू जी आर्चर

d. जयपाल सिंह मुंडा

## डब्ल्यू जी आर्चर

औपनिवेशिक समय में डब्ल्यू जी आर्चर ने मुंडारी गीतों का संकलन 'मुंडा दुरंग' के नाम से तैयार किया था।

मुंडा दुरंग पुस्तक मुंडारी गीतों का अब तक का सबसे बड़ा संकलन है।

24. जादोपटिया चित्रकला शैली झारखंड के किस क्षेत्र की प्रसिद्ध चित्रकला शैली है?

a. पलामू

b. सिंहभूम

c. पंचपरगना

d. संथालपरगना

## संथालपरगना

जादोपटिया चित्रकला शैली झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र की प्रमुख चित्रकला शैली है।

संथाल समाज के मिथकों पर आधारित इस लोककला में समाज के विभिन्न रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और नैतिक मान्यताओं की प्रस्तुति की जाती है।

इस चित्रकला में प्रकृति एवं जंगल, झरनों और पहाड़ों के बीच बसने वाले आदिवासी जीवन का चित्रण किया जाता है।

25. निम्नलिखित में से कौन सा जिला झारखंड के सबसे पश्चिमी छोर पर अवस्थित है?

a. गढ़वा

b. पलामू

c. गुमला

d. सिमडेगा

## गढ़वा

झारखंड का गढ़वा जिला राज्य के सबसे पश्चिमी छोर पर अवस्थित है।

26. 1857 की क्रांति के नायक 'ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव' को किस पेड़ से लटकाकर फाँसी दी गई थी?

a. नीम

b. कदम

c. पीपल

d. बरगद

## कदम

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव शतरंजी गढ़ के राजा थे।

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव सन् 1857-58 के विद्रोह में झारखण्ड के नेता थे।

16 अप्रैल 1858 ई. को कमिश्नर ने फांसी की सजा सुनायी, तत्पश्चात उसी दिन उन्हें रांची जिला स्कूल के पास कदम के पेड़ पर लटका कर फांसी दे दी गयी।

27. लाह उत्पादन के क्षेत्र में देश में झारखंड किस स्थान पर है?

a. प्रथम

b. द्वितीय

c. तृतीय

d. चतुर्थ

प्रथम

झारखण्ड देश का सबसे बड़ा लाह उत्पादक राज्य है।

झारखंड का लाह उत्पादन प्रतिशत देश के कुल उत्पादन का 53 प्रतिशत है।

28. डाहार नृत्य झारखंड के किस आदिवासी समाज का प्रमुख नृत्य है?

a. बिरहोर

b. संथाल

c. खड़िया

d. चिक बड़ाइक

## संथाल

डाहार नृत्य झारखंड के संथाल जनजाति के द्वारा किया जाने वाला प्रमुख नृत्य है।

इसे लांगड़े नृत्य भी कहा जाता है जो माघ महीने में माघ बांगा पर्व के अवसर पर किया जाता है।

यह नृत्य महिला-पुरुष के द्वारा सामूहिक रूप से गांव के अखरा में किया जाता है।

29. वन आवरण प्रतिशत के मामले में झारखंड का कौन सा जिला प्रथम स्थान पर है?

a. गोड्डा

b. चतरा

c. कोडरमा

d. पश्चिमी सिंहभूम

चतरा

वनावरण प्रतिशत के अनुसार झारखंड के चतरा जिले में सबसे अधिक 47.72 प्रतिशत वनावरण है जबकि कोडरमा 41.67% तथा पलामू 41.52% वनावरण के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

सबसे कम वनावरण प्रतिशत के मामले में धनबाद (वन क्षेत्र 6.74%) प्रथम और देवघर (8.23%) द्वितीय स्थान पर है।

30. बासुकीनाथ धाम झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. गढ़वा

b. दुमका

c. बोकारो

d. सिमडेगा

## दुमका

बासुकीनाथ धाम झारखंड के दुमका जिले में देवघर-दुमका राज्य राजमार्ग पर स्थित है।

यहां साल में एक बार महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है, जिसमें काफी मात्रा में दूध चढ़ाया जाता है।

झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करने वालों की पूजा, बासुकीनाथ (नागेश) की पूजा के बिना अधूरी मानी जाती है।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी